भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2803
दिनांक 10.03.2026 को उत्तरार्थ

स्वामित्व योजना

†2803. श्रीमती पूनमबेन माडमः

क्या **पंचायती राज मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी का सर्वेक्षण और उन्नत तकनीक का उपयोग करके मानचित्रण (स्वामित्व) योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण किए गए गांवों की संख्या कितनी है और जारी किए गए संपत्ति कार्यों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गुजरात के सभी अधिसूचित बसे हुए गांवों में ड्रोन मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;और

(ग) स्वामित्व संपत्ति काडों के कारण गुजरात के परिवारों द्वारा प्राप्त संपत्ति से जुड़े ऋणों अथवा ऋण सुविधाओं की संख्या और इसके उपयोग का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) 5 मार्च 2026 तक, गुजरात में 15,025 अधिसूचित गांवों में से 14,900 गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और 8910 गांवों में 12.3 लाख संपत्ति कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। अनुलग्नक-I में जिलावार विवरण प्रस्तुत किया गया है।

(ख) गुजरात में15,025 अधिसूचित गांवों में से 14,900 गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

(ग) स्वामित्व योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में संपत्ति के मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड देना है। मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, स्वामित्व संपत्ति कार्ड के आधार पर 5.2 करोड़ रुपये के 66 ऋण लिए गए हैं। पंचायती राज मंत्रालय व्यक्तिगत लाभार्थी-वार डेटा नहीं रखता है। हालांकि, उदाहरण के तौर पर गुजरात के द्वारका जिले में एक लाभार्थी ने व्यवसाय के उद्देश्य से संपत्ति कार्ड पर 7.5 लाख रुपये का ऋण लिया है, वहीं मेहसाणा जिले के एक अन्य लाभार्थी ने अपनी बेटी की उच्च शिक्षा के वित्तपोषण के लिए 10 लाख रुपये का बैंक ऋण लिया था। स्वामित्व संपत्ति कार्ड पर बैंक ऋण राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठकों में एक सक्रिय एजेंडा है और राज्य द्वारा नियमित रूप से इसकी निगरानी की जा रही है।

***

अनुलग्नक-I

'स्वामित्व योजना' के संबंध में लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2803 जिसका उत्तर दिनांक 10.03.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

जिला	**जिन गावों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है**	**जिन गावों में संपत्ति कार्ड बांटे गए हैं**	**बांटे गए संपत्ति कार्डों की संख्या**
अहमदाबाद	448	220	102702
अमरेली	595	110	6371
अरवल्ली	480	358	35929
आनंद	309	220	81357
कच्छ	837	321	31906
खेड़ा	498	302	72573
गांधीनगर	245	61	14726
गिर सोमनाथ	334	186	18557
छोटा उदयपुर	275	172	16005
जामनगर	403	343	23616
जूनागढ़	494	250	28730
डांग	297	275	16523
तापी	409	201	7733
दाहोद	108	68	1705
देवभूमि द्वारका	247	184	14228
नर्मदा	481	292	30792
नवसारी	226	131	9210
पंचमहल	329	231	7301
पाटन	505	314	60325
पोरबंदर	142	68	8832
बनासकंठा	1192	716	117506
बोटाड	179	106	12812
भरूच	639	361	56831
भावनगर	664	521	43048
महिसागर	472	302	9809
महेसाणा	586	428	124607
मोरबी	328	146	23876
राजकोट	573	500	56882
वडोदरा	574	459	65646
वलसाड	304	91	3180
साबरकंठा	535	335	54448
सूरत	633	279	27743
सुरेंद्रनगर	559	359	46714
कुल	**14,900**	**8910**	**12,32,223**

***